

# रतलाम हमले के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



स्टाफ संवाददाता

**भोपाल, 1 सितंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग ने पीसीसी कार्यालय के बाहर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम में हुए हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया.**

इस प्रदर्शन का नेतृत्व विभाग के महासचिव धनजी गिरी ने किया. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए षड्यंत्र और हमलों का सहारा ले रही है. उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी पर हमला लोकतंत्र पर हमला है और सरकार जनता की ताकत से भयभीत है. अमन पठान ने कहा कि यह हमला केवल पटवारी पर नहीं बल्कि हर उस नागरिक पर है, जो सरकार की गलत नीतियों का विरोध करता है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सड़क से विधानसभा तक इस लड़ाई को जारी रखेगी.

> कार्यक्रम में अभिषेक सोनी, आसिफ मिर्जा, शाहरुख खान, अक्षय तोमर और रवि परमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे. इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (शहर) ने जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में मिंटो हॉल स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया. नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा संरक्षण में यह हमला हुआ है. पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जेपी धनोपिया, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सबिस्ता जकी, पार्षद गुड्डू चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कंसाना, प्रवक्ता अभिनव बरोलिया समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे. नेताओं ने कहा कि ऐसे कायराना हमलों से कांग्रेस का संकल्प नहीं डिगेगा और नशा माफिया व वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी.



## भोपाल स्टेशन पर लगा कैंप कोर्ट

**भोपाल. रेल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई की.**

रेल सुरक्षा बल के नेतृत्व में ऑपरेशन ऑक्टोपस अभियान चलाया गया. इसके तहत भोपाल रेलवे स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे द्वारा कैंप कोर्ट लगाया गया. अवैध रूप से खान-पान बेचने वाले, स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले तथा रेल सीमा में बिना अनुमति प्रवेश करने वाले कुल 179 व्यक्तियों को पकड़ा.

सभी को कैंप कोर्ट में प्रस्तुत किया गया और उन पर कुल 3,15,320 का जुर्माना लगाया गया. प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त पश्चिम मध्य रेलवे राजीव कुमार यादव एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त भोपाल डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन में हुई इस कार्यवाही को यात्रियों ने सराहा.

## कंटेंट क्रिएशन से छात्रों को मिला दृष्टिकोण



**भोपाल, 01 सितम्बर. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के मीडिया मैनेजमेंट विभाग द्वारा स्वर कोकिला लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में एक विशेष विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया.**

इसमें प्रसिद्ध कंटेंट क्रिएटर एवं पूर्व रेडियो जॉकी पिंकी तिवारी ने विद्यार्थियों से संवाद किया. कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. अविनाश बाजपेयी के मार्गदर्शन और संकाय सदस्यों के सहयोग से सम्पन्न हुआ. सत्र के दौरान तिवारी ने रेडियो जगत से जुड़े अनुभव साझा किए और छात्रों को उच्चारण सुधारने के व्यावहारिक सुझाव दिए. उन्होंने अपने रेडियो करियर की प्रेरणादायक और भावनात्मक कहानियाँ सुनाकर बताया कि किस प्रकार रेडियो लोगों के जीवन को गहराई से प्रभावित करता है. सत्र को और अधिक रोचक बनाने के लिए उन्होंने छात्रों के साथ कंटेंट क्रिएशन पर एक इंटरएक्टिव गतिविधि भी कराई, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता और ऊर्जा के साथ भाग लिया.

## मंगलवारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**भोपाल.** त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर नियंत्रण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना मंगलवारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मारपीट के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को अवैध छुरी सहित गिरफ्तार किया. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संगम टॉकीज मंगलवार मंदिर के पास एक युवक छुरी लिए खड़ा है. टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया.

# समय सीमा पत्रों की हुई समीक्षा बैठक

### कलेक्टर ने लंबित शिकायतों के निराकरण पर दिया जोर




**भोपाल, 01 सितम्बर. कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई.**

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी, एडीएम अंकुर मेश्राम, पीसी शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

कलेक्टर सिंह ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन और सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज लंबित शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण किया जाए. उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में 80 प्रतिशत से कम शिकायतों का निराकरण स्वीकार्य नहीं होगा. इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि भोपाल में भिक्षावृत्ति पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा आगामी 7 दिनों में अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए.

> **योजनाओं और प्रकरणों की समीक्षा**
>
> कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, समग्र ई-केवाईसी, फॉर्मर रजिस्ट्री और प्रधानमंत्री किसान योजना की ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इन्हें और गति देने पर बल दिया. उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि तहसीलदार कोर्ट के प्रकरणों का व्यवस्थित और समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा तहसीलदार कोर्ट का नियमित रूप से निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए.

## सेवा भारती भोजपुर ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

**भोपाल, 1 सितम्बर. सेवा भारती भोजपुर द्वारा अभावग्रस्त सेवा बस्तियों में संचालित निःशुल्क संस्कार केंद्रों में अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रविवार को महर्षि विद्या मंदिर, रतनपुर में सम्पन्न हुआ.**

कार्यक्रम की शुरुआत स्व. विष्णु कुमार की स्मृति में वृक्षारोपण एवं दीप प्रज्वलन से हुई. संस्कार केंद्रों के बच्चों ने दीप-ज्योति मंत्र और स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया. समारोह में प्रांत युवा आयाम संयोजक संकल्प दीक्षित ने सेवा भारती भोजपुर के विविध आयामों की जानकारी दी. बच्चों ने मोबाइल की लत, रानी लक्ष्मीबाई और पर्यावरण जागरूकता पर नाट्य मंचन प्रस्तुत कर प्रभाव छोड़ा.

प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने मातृछाया प्रकल्प, वृद्धाश्रम, वनवासी छात्रों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा जैसे सेवा भारती के बहुआयामी कार्यों पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि अनिल खमेसरा और विपिन द्विवेदी ने भी संगठन की गतिविधियों की प्रशंसा की.

# हत्या के प्रयास के आरोपी को 4 घंटे में दबोचा

### टीटी नगर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, चाकू से किया था हमला

**भोपाल, 01 सितम्बर. थाना टीटी नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के महज 4 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी घटना के बाद भोपाल से बाहर फरार होने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की सतर्कता और सक्रिय मुखबिर तंत्र से उसे दबोच लिया गया.**

जेपी अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक गंभीर हालत में भर्ती है. पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि पैशन्ट अंश उर्फ संस्कार शुक्ला के पेट में चाकू घोंपा गया था. उसे तुरंत हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया.

पीड़ित ने बयान में बताया कि गोलू उर्फ आशीष रैकवार ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया और भागते समय दोबारा जान से मारने की धमकी दी. इस आधार पर थाना टीटी नगर में आरोपी के खिलाफ धारा 109(1), 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह दोहर के नेतृत्व में दो टीमें गठित की गईं. पुलिस ने आरोपी के परिजनों और दोस्तों से पूछताछ की तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और रानी कमलापति स्टेशन पर टीमें तैनात कीं. मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया.

गिरफ्तार आरोपी का नाम आशीष रैकवार उर्फ गोलू (19), निवासी कटसी जवाहर चौक, टीटी नगर भोपाल है.

> **हबीबगंज पुलिस ने लापता बच्चे को एक घंटे में खोज निकाला, परिजन के सुपुर्द किया**
>
> **भोपाल.** थाना हबीबगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच साल के लापता बच्चे को महज एक घंटे के भीतर सुरक्षित खोज निकाला. सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली थी कि बीडीए मल्टी इलाके से एक बच्चा खेलते समय घर से लापता हो गया है और उसे सफेद साड़ी पहने एक महिला के साथ देखा गया है. थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने तुरंत टीम गठित कर खोज अभियान शुरू किया. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बच्चे को मोहल्ले में ही खेलते हुए दूर से बरामद कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया.



## हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर तिवारी विजयी

**भोपाल, 01 सितंबर. भोपाल की धार्मिक-सामाजिक संस्था हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में चन्द्रशेखर तिवारी ने बाजी मार ली.**

रविवार को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक हुए मतदान में 5600 से अधिक आजीवन सदस्यों ने अपना मत दिया.

मतदान के दौरान भोपाल का गुफा मंदिर, लालघाटी स्थित मानस भवन परिसर दिनभर राजनीतिक हलचल और समर्थकों के नारों से गूंजता रहा. इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पाँच उम्मीदवार मैदान में थे.

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को करें मजबूत



**भोपाल, 1 सितंबर. स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देश में राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने के लिए बच्चों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि भारत की विविधता भरी सांस्कृतिक विरासत दुनिया में हमारे देश को अलग पहचान दिलाती है.**

सिंह सोमवार को भोपाल के गोविंदपुरा, भेल स्थित सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की वार्षिक पत्रिका वीथिका का विमोचन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे.

मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है. स्कूल शिक्षा विभाग इन विद्यालयों में सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है. बच्चों की सुविधा के लिए निःशुल्क बस सेवा भी संचालित की जा रही है. उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं.


विद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम अवस्थी ने बताया कि वार्षिक पत्रिका वीथिका को संविधान के 75वें वर्ष के अवसर पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें संविधान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का समावेश किया गया है.




**नो पार्किंग एरिया में खड़ी गाड़ियां बन रही परेशानी**

**भोपाल.** शहर के कनेक्टेड रोड पर नो पार्किंग के बावजूद कई गाड़ियां खड़ी पाई गईं, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

## रानी कमलापति रुकेगी पशुपतिनाथ दर्शन ट्रेन



**भोपाल, 1 सितम्बर. मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आईआरसीटीसी द्वारा भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन का संचालन किया जा रहा है. यह ट्रेन 4 अक्टूबर 2025 को नागपुर से पशुपतिनाथ (नेपाल) दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी.**

यह ट्रेन इंदौर, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और सतना रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेगी. यात्री इन स्टेशनों से ट्रेन पर सवार हो सकेंगे. इस यात्रा की अवधि 9 रातें और 10 दिन होगी. इसमें चितवन राष्ट्रीय उद्यान, पोखरा और काठमांडू के दर्शनीय एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा.

यात्रा पैकेज की दरें इस प्रकार निर्धारित की गई हैं— रु. 63,850/- प्रति व्यक्ति (3 एसी - कम्फर्ट श्रेणी), रु. 75,230/- प्रति व्यक्ति (2 एसी डीलक्स श्रेणी), रु. 91,160/- प्रति व्यक्ति (1 एसी सुपीरियर श्रेणी-केबिन), रु. 99,125/- प्रति व्यक्ति (1 एसी सुपीरियर श्रेणी-कूपे) ये दरें डबल ऑक्यूपेंसी आधार पर लागू होंगी.

भोजन, आवास, सुरक्षा और बीमा सहित सर्व-समावेशी टूर

आईआरसीटीसी का यह पैकेज पूर्णतः सर्व-समावेशी होगा. इसमें आरामदायक रेल यात्रा, ऑनबोर्ड और ऑफबोर्ड भोजन, गुणवत्तापूर्ण एसी बसों द्वारा स्थल भ्रमण, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की सुविधा, टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑनबोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग सेवाएँ शामिल हैं.

**प्रचार-प्रसार** ▶ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

# 13 सितम्बर को लगेगी तृतीय नेशनल लोक अदालत



**भोपाल, 01 सितम्बर. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर 2025 को वर्ष 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा.**

इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह प्रचार रथ भोपाल के विभिन्न शहरी क्षेत्रों और सुदूरवर्ती गांवों में लोक अदालत की जानकारी प्रसारित करेगा. इसमें जिंगल्स और फ्लेक्स बैनर के माध्यम से जनता को लोक अदालत के लाभ बताए जाएंगे. इस अवसर पर जिला न्यायाधीश संजय कुमार शाही, संतोष कौल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अग्नीन्ध कुमार द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे.

> **लोक अदालत के लाभ**
>
> लोक अदालत में पक्षकारों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ता है और कटुता समाप्त होती है. इससे समय, धन और श्रम की बचत होती है. लोक अदालत में कोई पक्षकार हारता नहीं बल्कि दोनों की जीत होती है. प्रकरण का निराकरण होने पर न्याय शुल्क वापस मिलता है. लोक अदालत का आदेश अंतिम होता है और इसके विरुद्ध अपील नहीं होती. इस तरह लोक अदालत में समझौते से विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है.

## 21 सितंबर को भोपाल में 'हक की लड़ाई' आंदोलन

**भोपाल.** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में प्रदेश के लाखों अस्थाई कर्मचारी अपनी नौकरी स्थाई करने की मांग को लेकर 21 सितंबर को राजधानी भोपाल के अंबेडकर जयंती मैदान, तुलसी नगर में हक की लड़ाई आंदोलन करेंगे. इस दौरान अस्थाई कर्मचारी मुख्यमंत्री को खून से लिखा ज्ञापन सौंपेंगे. यह निर्णय कर्मचारी मंच की प्रमुख समिति द्वारा पारित प्रस्ताव के आधार पर लिया गया है. मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय और प्रदेश के विभिन्न उच्च न्यायालय खंडपीठों ने अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश दिए हैं.

## छुरी लहराकर धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**थाना गौतम नगर पुलिस ने की कार्रवाई**

**भोपाल, 01 सितंबर. थाना गौतम नगर पुलिस ने दुकान संचालक को छुरी लहराकर धमकाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.**

फरियादी दीपक तिवारी (32) निवासी शिवशक्ति नगर रोड, छोला मंदिर भोपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे दो युवक हाथ में छुरी लेकर उसकी दुकान पर आए और गाली-गलौज करते हुए 10 हजार रुपये मासिक वसूली की मांग की. साथ ही जान से मारने की धमकी दी. रिपोर्ट पर थाना गौतम नगर में अपराध क्रमांक 462/25 धारा 296, 308(5), 351(3), 3(5) बी.एन.एस. एवं 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया. सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह ठाकुर ने टीम गठित की. विशेष मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने की रणनीति बनाई. गौतम नगर पुलिस टीम ने आरोपियों को धारदार छुरी सहित गिरफ्तार किया.